**हिन्दी प्रादेशिक समाचार**

**आकाशवाणी चंडीगढ़**

**(तिथि 16 मई 2025, समय 1305 (5 मिनट)**

विदेश मंत्री सुब्रह्मण्यम जयशंकर ने कहा है कि सिंधु जल संधि तब तक स्थगित रहेगी जब तक पाकिस्तान सीमा पार आतंकवाद पर विश्वसनीय रोक नही लगाता। डॉक्टर जयशंकर ने भारत और पाकिस्तान के बीच तीसरे पक्ष की मध्यस्थता से इंकार किया है। नई दिल्ली में उन्होंने कहा कि पाकिस्तान के साथ कोई भी बातचीत केवल द्विपक्षीय आधार पर ही होगी। डॉक्टर जयशंकर ने कहा कि पाकिस्तान को भारत को सौपे जाने वाले आतंकियों की सूची दे दी गई है। साथ ही उसे आतंकी ढांचों को भी नष्ट करना होगा।

डॉक्टर जयशंकर ने कहा कि भारत ने यह स्पष्ट कर दिया है कि पाकिस्तान के साथ बकाया मुद्दों में केवल उसके अवैध कब्जे वाले जम्मू-कश्मीर को मुक्त कराना है। विदेश मंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने स्पष्ट कर दिया है कि पाकिस्तान के साथ बातचीत केवल आतंक के मुद्दे पर होगी।

*************************************************************************

हिसार में आज ऑपरेशन सिंदूर की सफलता पर सेना के सम्मान में तिरंगा यात्रा निकाली गई ।यह यात्रा आजाद नगर से शुरू हुई होकर लघु सचिवालय पर जा कर सम्पन्न हुई।

तिरंगा यात्रा में राज्यसभा सांसद किरण चौधरीए कैबिनेट मंत्री रणबीर गंगवाए विधायक रणधीर पनिहार एविधायक विनोद भ्याणा व निर्दलीय विधायक सावित्री जिंदल सहित भाजपा के बड़े नेता व कार्यकर्ता शामिल हुए।

इस अवसर पर राज्य सभा सांसद किरण चौधरी ने कहा कि भारत की जीत पर भारतवासी होने के नाते उन्हे गर्व है। उन्होंने कहा उनके पास आज ऐसा सशक्त नेतृत्व है जिन्होंने पाकिस्तान को मुंहतोड़ जवाब दिया है।

श्रीमती चौधरी ने कहा कि अब पाकिस्तान दुस्साहस करने से पहले बीस बार सोचेगा।

बाइट दृकिरण चौधरी -21 सेकंड

इस दौरान मीडिया के सवालों के जवाब देते हुए पंजाब द्वारा रोके गए पानी पर प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए श्रीमती किरण चौधरी ने कहा कि हरियाणा और पंजाब भाई-भाई है । पंजाब सरकार अपनी राजनीतिक रोटियां सेकने के लिए पानी रोक रही है।

*************************************************************************

कुरुक्षेत्र में भी आज ऑपरेशन सिंदूर की सफलता पर तिरंगा यात्रा निकाली गई।कुरुक्षेत्र के थीम पार्क से शुरू हुई तिरंगा यात्रा में सांसद नवीन जिंदल पूर्व राज्य मंत्री सुभाष सुधाए भाजपा जिला अध्यक्ष तेजेंद्र सिंह गोल्डी जिला परिषद की अध्यक्ष कमलजीत कौर सहित तमाम भाजपा कार्यकर्ताओं और नागरिकों ने भाग लिया। तिरंगा यात्रा में स्कूली बच्चे भी शामिल हुए ।तिरंगा यात्रा थीम पार्क से शुरू होकर शहर के मुख्य मार्गो से गुजरी और भारत माता की जय वंदे मातरम् के नारों से तिरंगा यात्रा में भाग लेने वाले सभी के मन में देशभक्ति की भावना भरने का काम किया।अनेक जगह पर फूल बरसा कर तिरंगा यात्रा का स्वागत किया गया। इस दौरान सांसद नवीन जिंदल ने कहा कि हमें अपने वीर सैनिकों पर गर्व है।

*************************************************************************

सरकार ने तुर्किए की **ग्राउंड हैंडलिंग फर्मए सेलेबी एयरपोर्ट सर्विसेज इंडिया प्राइवेट लिमिटेड** की सुरक्षा मंजूरी तत्काल प्रभाव से रद्द कर दी है। नागरिक उड्डयन सुरक्षा ब्यूरो के आदेश में कहा गया है कि यह निर्णय राष्ट्रीय सुरक्षा के हित में लिया गया है।पहलगाम आतंकी हमले के बाद ऑपरेशन सिंदूर में पाकिस्तान का पक्ष लेने पर भारत ने तुर्किए के विरुद्ध कड़ा रुख अपनाया है। इस कंपनी के लिए सुरक्षा मंजूरी नागरिक उड्डयन सुरक्षा ब्यूरो के महानिदेशक ने प्रदान की थी।सेलेबी एविएशन दिल्लीए मुंबईए बेंगलुरुए हैदराबाद और गोवा सहित नौ शहरों के हवाई अड्डों पर यात्री सुरक्षाए उड़ान संचालनए कार्गो और डाक सेवाओं के साथ-साथ वेयरहाउस सेवाओं का प्रबंधन प्रदान करती है।

*************************************************************************

पंचकुला पुलिस के मादक पदार्थ रोधी प्रकोष्ठ ने कल गुप्त सूचना के आधार पर कल दो तस्करों को गिरफ्तार किया है। आरोपियों के पास से 3 किलो 2 ग्राम चरस बरामद की गई है। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अरविंद कंबोज ने बताया कि आरोपी हिमाचल प्रदेश से चरस लाकर पंजाबए चंड़ीगढ़ व पंचकूला में बेचते थे।

*************************************************************************

केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण मंत्रालय एवं भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद के संयुक्त तत्वावधान में 29 मई से 12 जून तक देश के 700 से अधिक जिलों में विकसित कृषि संकल्प अभियान का आयोजन किया जाएगा। इस अभियान का संचालन यमुनानगर जिले में दामला स्थित कृषि विज्ञान केंद्रए द्वारा किया जाएगा। अभियान के दौरान गांव-गांव जाकर किसानों से सीधा संवाद स्थापित कर उन्हें खेती से जुड़ी आधुनिक तकनीकों व सरकारी योजनाओं की जानकारी दी जाएगी।केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने बताया कि यह अभियान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के लैब टू लैंड के मंत्र को साकार करने की दिशा में एक ठोस कदम है। उन्होंने बताया कि विकसित भारत के लिए "विकसित खेती और समृद्ध किसान" हमारा संकल्प है।